Nai Dunia (Hindi) (Indore ed.) 09th June 2013, Page-4

टूटी धारणा

आईआईटी की पहली बैच ने साबित किया- अंकों से नहीं प्लेसमेंट का ताल्लुक

# सिल्वर मैडलिस्ट को मिला गोल्ड मैडलिस्ट से बड़ा पैकेज

इंदौर। आईआईटी से निकल रही पहली ही बैच ने पढ़ाई, प्लेसमेंट और पैकेज की सामान्य धारणा को तोड़ दिया है। प्लेसमेंट में सबसे ज्यादा पैकेज सिल्वर मैडल पाने वाले छात्र को मिला है, जबकि प्रेसिडेंट गोल्ड मैडल पाने वाले छात्र को उससे करीब आधा ही पैकेज मिला है। आईआईटी की पहली बैच के टॉपर बने अंकित गोयल को प्लेसमेंट के दौरान सालाना करीब 10 लाख रुपए का पैकेज ऑफर हुआ है। इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग ब्रांच के विद्यार्थी अंकित को वॉल्कन समूह में एसोसिएट इंजीनियर के तौर पर नियुक्ति मिली है। जबकि सिल्वर मैडलिस्ट अभिषेक चौधरी को 18 लाख रुपए का पैकेज मिला है। अभिषेक चौधरी को डीई-शॉ कंपनी ने चुना है। अभिषेक को मिला पैकेज इस बैच में किसी भी विद्यार्थी को मिलने वाला सबसे बड़ा पैकेज है।



अंकित गोयल | अभिषेक चौधरी | अनामिका पटेल | रीमा सक्सेना

## प्लेसमेंट छोड़ा

सिल्वर मैडलिस्ट और मैकेनिकल ब्रांच की टॉपर रीमा सक्सेना ने आयशर कंपनी से मिला प्लेसमेंट ऑफर छोड़ दिया। रीमा के मुताबिक वह आगे की पढ़ाई और रिसर्च लिए विदेश की यूनिवर्सिटी में जा रही हैं।

## ब्रांच से पड़ा फर्क

आईआईटी के टॉपर अंकित पैकेज में आए अंतर की बात स्वीकार करते हैं। अंकित के अनुसार प्लेसमेंट में पैकेज का अंतर ब्रांच के कारण आया है। हमेशा कम्प्यूटर साइंस और आईटी से जुड़ी कंपनियां व जॉब प्रोफाइल में पैकेज कोर कंपनियों से बेहतर होता है। अंकित के अनुसार बड़े पैकेज के साथ ही बेहतर भविष्य की गारंटी नहीं दी जा सकती। अंकित के अनुसार मैं आईटी में जाता तो शायद ऐसा ही पैकेज मिलता, लेकिन कोर ब्रांच में भविष्य की वृद्धि आईटी कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा है।

## दुःखद संयोग

आईआईटी से पासआउट हो रही पहली बैच के साथ एक अनोखा दु:खद संयोग भी जुड़ गया है। बैच के दो टॉपर के पिता उनकी सफलता के साक्षी नहीं बन सके। अंकित के साथ ही इलेक्ट्रिकल इंजीनिरिंग ब्रांच की टॉपर अनामिका पटेल के सिर से भी पिता का साया उठ गया। अनामिका के अनुसार वह फर्स्ट ईयर में थी और पिता गुजर गए। रीवा की रहने वाली अनामिका के अनुसार उसके पिता अरुण पटेल सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल थे। इस बुरे दौर में भी उसकी मां कुसम पटेल ने उसे सपोर्ट किया और वह टॉपर बन सकी।

**टॉपर के प्लेसमेंट पैकेज**

- अंकित गोयल, गोल्ड मैडल, 10 लाख
- अनामिका पटेल, सिल्वर मैडल, 6 लाख
- अभिषेक चौधरी, सिल्वर मैडल, 18 लाख
- रीमा सक्सेना, सिल्वर मैडल, प्लेसमेंट नहीं लिया